## एक नजर में

### कवि कन्हैया राज को गीत गौरव सम्मान

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 28 जनवरी, का.** नगर के प्रतिष्ठित युवा कवि कन्हैया राज को गीत गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया है. अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों, विभिन्न टीवी कार्यक्रमों में अपनी श्रंगारिक रचनाओं से साहित्यिक पहचान बना चुके गीतकार कन्हैया राज को श्री शिव संकल्प साहित्य परिषद नर्मदापुरम (होशंगाबाद) द्वारा आयोजित साहित्यकार सम्मान समारोह में गीत गौरव सम्मान - 2026 से सम्मानित किया गया. उन्हें यह सम्मान नर्मदा जयंती के अवसर पर आयोजित साहित्यिक समारोह में उपस्थित वरिष्ठ साहित्यकारों द्वारा प्रदान किया गया. कवि कन्हैया राज इसके पूर्व भी विभिन्न साहित्यिक सम्मानों से सम्मानित हो चुके है. उनकी इस उपलब्धि पर इष्ट मित्रों,कविगणों, शुभचिंतकों ने बधाई दी है.

### कस्बा पटवारी शहजाद खान का सम्मान

**सारंगपुर 28 जनवरी, सं.** गणतंत्र दिवस पर मुख्य कार्यक्रम स्थल पर कस्बा पटवारी शहजाद खान का प्रशंसा पत्र एवं शील्ड भेटकर सम्मान किया गया. गत दिवस राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल द्वारा युवाओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया था. जिसमे अन्य कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रेष्ठ कार्य किया गया था जिस पर शहर के कस्बा पटवारी शहजाद खान का भी प्रशंसा पत्र बैठकर सम्मान किया गया इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष देवनारायण नागर, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, एसडीएम रोहित बामोर, एसडीओपी सहित आदि उपस्थित थे.

### नि:शुल्क विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 28 जनवरी, का.** नगर के श्री खाटू श्याम मंदिर धाम परिसर में 30 जनवरी को सामूहिक नि:शुल्क विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन होगा. सम्मेलन की व्यापक तैयारियां जारी है. 30 जनवरी को आयोजित होने वाले नि:शुल्क सामुहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें मंदिर समिति के पदाधिकारी, सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे. बैठक का उद्देश्य मंदिर स्थापना के प्रथम वार्षिक उत्सव के अवसर पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना था. मंदिर समिति द्वारा इस वर्ष 26 कन्याओं का नि:शुल्क सामुहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा. समिति के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है. **भव्य निशान यात्रा निकलेगी–** जानकारी के अनुसार 30 जनवरी को प्रात: 11 बजे से भव्य निशान यात्रा एवं बारात निकाली जाएगी. यात्रा में बाबा खाटू श्याम जी की सुसज्जित पालकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी. स्थानीय राजगढ़ रोड स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर से यात्रा प्रारंभ होकर खाटू श्याम मंदिर धाम पहुंचेगी. दोपहर में पाणिग्रहण संस्कार वैदिक रीति–रिवाजों के साथ संपन्न कराया जाएगा. सायंकाल आशीर्वाद समारोह और भोजन प्रसादी का आयोजन होगा. इसके पूर्व 29 जनवरी को एकादशी पर मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या का आयोजन रखा गया है.

# हवा, बारिश और ओलों से फसलों पर संकट

## मंगलवार की शाम हुए मौसमी परिवर्तन से सरसों की फसलों कईं जगह तिरछी हुई, गेहूं पर संकट

**मौसम विभाग ने पाले की संभावना में किसानों को हल्की सिंचाई की सलाह दी**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 28 जनवरी, का. मंगलवार की देर शाम से शुरु हुई बारिश और ओलावृष्टि ने दर्जनों खेतो में फसलों पर कहर ढहाया है. सारंगपुर, पचोर, कुरावर, मलावर क्षेत्र में तेज बारिश, हवाओं एवं ओलावृष्टि से गेहूं व अन्य फसलें खेतों में आड़ी हो गई, जिससे काफी नुकसान का अंदेशा है.**

मंगलवार को अचानक मौसम ने करवट ली. सुबह , शाम और रात्रि में बारिश के साथ–साथ कई स्थानों पर ओलावृष्टि हुई. सारंगपुर क्षेत्र में रात के समय तेज हवाएं चलने के साथ बारिश होने से खेतो में गेहूं की फसलें आड़ी बिछ गई. क्षेत्र के ग्राम भीलखेड़ा, बाबल्दी, बाबल्दा, अमलारोड, धामंदा, घटटिया, अरनिया, सुल्तानिया, नारानिया, पीपल्यादेव, साबरसिया, हराना, भ्याना, भैंसवामाता, भाटखेड़ी माताजी, खजुरिया घाटा सहित ओलावृष्टि की जानकारी है. कुरावर क्षेत्र के झाडला, पखरी, झुमका, खलेली, बरखेड़ा डोर,आवंली, हिकमी सहित अनेक गांवों में तेज बारिश और हवा से गेहूं की फसलें बिछ गई.



### बदलते मौसम से फसलों के बचाव की सलाह

**राजगढ़ 28 जनवरी, का.** वर्तमान मौसम में बदलाव को दृष्टिगत एवं मौसम में परिवर्तन तथा परिस्थिति को देखते हुए किसान भाइयों को सलाह दी जा रही है कि शीतलहर एवं तुषार के कारण पाले तथा पानी की संभावना वाले मौसम में शीतलहर के प्रति अति संवेदनशील फसलें जैसे सब्जी भाजी एवं चना, सरसों, टमाटर आदि फसलें के चारों ओर शाम के समय खेत के उत्तर पश्चिम दिशा में दुआ करें सिंचाई की उपयोगिता होने पर खेतों में हल्की सिंचाई करें. किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक ने बताया कि पाला पड़ने की संभावना पर फसलों हल्की सिंचाई करें और सल्फर 80 प्रतिशत, 500 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें इसके साथ–साथ खेतों से खरपतवार होने पर निदाई गुड़ाई करवाएं जिससे खेत में वायु एवं प्रकाश पर्याप्त रूप से फसल को प्राप्त होती रहे और मौसम की विपरीत दिशाओं से फसल को सुरक्षा प्राप्त हो सके.

**चने के आकार वाले ओले गिरे**

ग्रामीणों के अनुसार कुछ स्थानों पर चने के आकार के ओले गिरने से गेहूं फसल की बालियों को क्षति पहुंची है. रात्रि में तेज हवाओं के साथ बारिश से खेतो में फसल जमीन पर बिछ गई, इससे फसल के दाने में अधिक नमी आने, वजन कम होने की आशंका है.

### जिले में सौ हैक्टेयर में नुकसान का अनुमान

जहां जिले में दर्जनों खेतों में गेहूं की फसल आड़ी बिछने से नुकसान होना देखा जा रहा है, वहीं कृषि विभाग के अनुसार जिले के सारंगपुर, नरसिंहगढ़, पचोर आदि क्षेत्रों में गेहूं की फसल आड़ी बिछने की जानकारी है, विभाग के अनुसार लगभग सौ हैक्टेर क्षेत्र में गेहूं की फसल आड़ी बिछ जाना बताया जा रहा है. जिले के कई क्षेत्रो में बीती रात्रि को रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला चलता रहा. जिससे खेतो में पानी भर गया. सारंगपुर क्षेत्र में रात्रि में चली तेज हवाओं से कुछ स्थानों पर पेड़ गिरने की जानकारी भी है. प्रभावित क्षेत्रों में जल्द ही सर्वे कराकर फसल नुकसान का आंकलन करने और उचित मुआवजा देने की मांग की गई है.

**बीमा कंपनी को जानकारी देने को कहा**

कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपनी फसल में हुए नुकसान की जानकारी तुरंत बीमा कंपनी को देने हेतु कहा है, ताकि शिकायत रजिस्टर्ड हो सके. शिकायत पर बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन किया जाएगा.

**पूर्ण अवस्था पा चुकी फसल को अधिक नुकसान–** कृषि विभाग के अनुसार जहां गेहूं की फसल पूर्णत: परिपक्व हो चुकी है, उसके बिछने से अधिक नुकसान है. जबकि जो फसल अभी पूर्ण नहीं हुई है उसमें नुकसान की संभावना अधिक नहीं है.

**कहां कितनी बारिश–** मौसम विभाग राजगढ़ के अनुसार 28 जनवरी को जिले में विभिन्न स्थानों पर हुई बारिश का आंकड़ा इस प्रकार रहा. सारंगपुर में 13 .6 एमएम, नरसिंहगढ़ 4 .5 एमएम, ब्यावरा में 9 .03 एमएम, खिलचीपुर 2 एमएम, पचोर 5 एमएम, जीरापुर 1 एमएम तथा राजगढ़ में 9 .1 एमएम बारिश दर्ज की गई है.

*बारिश, ओलावृष्टि, हवाओं के कारण जिले में लगभग सौ हैक्टेर में गेहूं की फसल बिछने की जानकारी है. विभाग द्वारा नुकसान के आंकलन की जानकारी ली जा रही है.*

**सचिन जैन, उप संचालक, कृषि विभाग जिला राजगढ़**

# वेतन का संकट: ब्यावरा नपा कर्मियों ने दिया अल्टीमेटम

## बीते महीनों में कर चुके है हड़ताल, एक बार फिर से वेतन की अनियमितता पर नाराजगी

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 28 जनवरी, का. नगर पालिका परिषद ब्यावरा के कर्मचारियों द्वारा बीते कई माह से वेतन नहीं मिलने सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि आठ दिन में मांगे पूरी नहीं होने पर काम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे.**

एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि नपा कर्मचारियों को विगत 4 माह से वेतन नहीं मिला है. परमानेंट एवं स्थाई कर्मचारियों का 5 माह एवं संविदा कर्मियों को 7 माह से वेतन नहीं मिला है. कामगारों के वेतन का प्रत्येक माह की 5 तारीख तक भुगतान किया जाये. कर्मचारियों की भविष्य निधि की राशि 2011 से नपा द्वारा काटी जा रही है, किंतु 2011 से 13 एवं 2018–19 का रुपया भविष्य निधि कार्यालय में जमा नहीं हुआ है. परीक्षा अवधि पूरी होने पर कर्मचारी का जो एरियल बनता है वह भुगतान कराया जाए. खाली पदों को सीनियरटी के हिसाब से भरा जाये, 50 नये सफाई कर्मचारी रखे जाये. कचरा उठाने ट्रेक्टर बढ़ाए जाये. कई ऐसे कर्मचारी जो घर बैठकर वेतन ले रहे है उन कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई जाये. ज्ञापन में कहा है कि कई माह से वेतन नहीं मिलने के कारण भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है. किराना सामान, रोजमर्रा की दैनिक आवश्यकताओं के साथ ही बच्चों की स्कूल फीस, बिजली बिल, बैंक लोन की किश्त आदि अनेक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है.

### नरसिंहगढ़ में नपाकर्मियों की हड़ताल समाप्त

**नवभारत न्यूज, नरसिंहगढ़ 28 जनवरी, सं.** तीन माह से वेतन नहीं मिलने के कारण नरसिंहगढ़ नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों द्वारा की जा रही हड़ताल मुख्य नपाधिकारी द्वारा दो माह का वेतन भुगतान करने के आश्वासन के बाद समाप्त कर दी गई .गौरतलब है कि मंगलवार को कर्मचारियों के द्वारा कामकाज बंद कर हड़ताल करते हुए नपा कार्यालय के यहा धरने पर बैठ गये थे. देर शाम को मुख्य नपाधिकारी मौके पर पहुंचे तथा इस माह दो माह के वेतन का भुगतान करने का आश्वासन दिया गया. इसके बाद हड़ताल समाप्त कर दी गई. जानकारी के अनुसार बीते तीन माह से वेतन नहीं मिलने, अतिरिक्त जीपीएफ, एपीएफ की कटौती राशि बकाया होने के चलते कर्मचारी हड़ताल पर चले गये थे.

**नहीं तो सवर्ण समाज करेगा उग्र आंदोलन**

# समाज को बांटने वाले काले कानून का विरोध



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 28 जनवरी, सं.** केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए यूजीसी अधिनियम संशोधन 2026 के विरोध में करणी सेना परिवार एवं स्वर्ण समाज के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को खेडापति हनुमान मंदिर से रैली निकालकर तहसील स्तरीय विरोध प्रदर्शन कर राष्टपति के नाम का ज्ञापन एसडीएम रोहित बम्होरे को सौपा गया. इस आंदोलन में राजपूत क्षत्रिय महासभा ,परशुराम सेना, करणी सेना,ब्राह्मण , कायस्थ महाजन, बनिया सहित स्वर्ण समाज के विभिन्न संगठनों की सहभागिता रही. इस मौके पर ज्ञापन का वाचन एडवोकेट कुशल शर्मा द्वारा करते हुए कहा कि यह ज्ञापन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यू.जी.सी. द्वारा हाल ही में जारी की गई नई गाइड लाईनो के संदर्भ में प्रस्तुत किया जा रहा है जिसमे देश भर के विश्वविधालयो शिक्षको, एवं अभिभावको में गहरी असुरक्षा, भय एंव असंतोष का वातावरण उत्पन्न हो गया है. उक्त गाइड लाइनो में ऐसे प्रावधान परिलक्षित होते है जिनसे शिकायतो को ही प्राथमिक सत्य मानकर कार्यवाही की संभावना बनाई गई है.

ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाती है कि यू.जी.सी. की उक्त नई गाइड लाइनो पर प्रभाव से तत्काल रोक लगाई जाए. इस मौके पर स्वर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि यूजीसी अधिनियम संशोधन 2026 स्वर्ण समाज के विरुद्ध एकतरफा एवं भेदभावपूर्ण कानून है. उन्होंने इसे 'काला कानून' बताते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद से लगातार ऐसे कानून बनाए जा रहे हैं, जिनका सीधा प्रभाव स्वर्ण समाज पर पड़ रहा है. ज्ञापन मे कहा कि यदि सरकार समय रहते इस कानून को वापस नहीं लेती है, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और अधिक उग्र रूप दिया जाएगा.

## प्रभादेवी का देवलोकगमन



**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 28 जनवरी, का.** राजमहल किला निवासी श्याम सुंदर विजयवर्गीय की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभादेवी विजयवर्गीय का बुधवार को देवलोकगमन हो गया. वह विजयवर्गीय समाज के वरिष्ठ शिवनारायण विजयवर्गीय की भाभीश्री तथा हरित बंटी की माताजी थी. अंतिम यात्रा उनके निवास से प्रारंभ होकर बांसवाड़ा स्थित मुक्तिधाम पहुंची जहां अंतिम संस्कार किया गया. बड़ी संख्या में राजनैतिक, सामाजिक, व्यापारिक क्षेत्र से जुड़े नागरिकों, प्रबुद्धजनों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

# बिजली काटने पर 2 घंटे से अधिक तक किया चक्का जाम



**नवभारत न्यूज, छापीहेड़ा 28 जनवरी, सं.** समीपस्थ ग्राम मोहन में ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे 2 घंटे से अधिक तक चक्का जाम किया. पुलिस टीम पहुंचने व बिजली विभाग राजस्व विभाग के अधिकारी आने के बाद 2 घंटे से अधिक समय तक जाम लगा रहा. दोनों तरफ वाहनों की कतारें लगी थी बिना सूचना दिए बिजली विभाग द्वारा 21 जनवरी से गांव की बिजली काट दी 26 जनवरी शाम को लाईट जोड़ी 27 जनवरी को फिर काट दी 45 से अधिक लोगों द्वारा बिजली बिल की राशि जमा की थी परंतु आज तक कोई रसीद नहीं दी गई. 21 जनवरी से बिजली काटने से छात्र ग्रामीण परेशान होते रहे पानी आटा चक्की आदि के लिए भी लोग भटकते रहे. ग्रामीणों निर्मल कुमार गुप्ता, कैलाश गुप्ता ,बालकिशन गुप्ता ,सरपंच चंद्रपाल सिंह, पूर्व सरपंच सिद्धनाथ सिंह गौड़ आदि लोगों का कहना है कि राशि जमा करने के बाद भी सभी की लाइट काट दी गई इस कारण चक्का जाम करना पड़ा बालकिशन गुप्ता ने बताया कि 20 से अधिक बिना कनेक्शन वाले लोगों से बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी पैसे लेकर शासन को चूना लगा रहे हैं.

# तलेन अस्पताल में मरीज को लगाया इलेक्ट्रॉनिक हाथ



नवभारत न्यूज

**तलेन 28 जनवरी, सं.** स्वास्थ्य केंद्र पर आये विकलांग मरीजों को डॉक्टर धर्मेंद्र वामनी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा हेमराज पिता नन्नू सिंह ग्राम अबाड़ा को उचित मार्ग दर्शन देकर डॉक्टर प्रतिभा मसोरिया संजीवनी क्लिनिक हलालपुर एसडीएलओ बैरागढ़ सर्कल भोपाल भेजकर नि:शुल्क इलेक्ट्रॉनिक हाथ लगवाया गया. डॉक्टर धर्मेंद्र वामनी ने शासकीय अस्पताल तलेन में उक्त व्यक्ति हेमराज निवासी अबाड़ा को बुलाकर नगर तलेन के गणमान्य नागरिकों को इसकी जानकारी दी. निशुल्क इलेक्ट्रॉनिक हाथ जो लगाया गया उसकी कार्य कुशलता और कार्य कैसे करता है वो सभी चीजे हेमराज निवासी अबाड़ा ने सभी गणमान्य जनो को बताया, उन्होंने अपने विचार भी सभी से सांझा किये, इस मोके पर अस्पताल स्टॉफ के साथ साथ नगर के गणमान्य नागरिक जन भी मौजूद रहे.

# सीएम डॉ मोहन यादव से मिले मंत्री और विधायक



**नवभारत न्यूज, सारंगपुर 28 जनवरी, सं.** मंगलवार को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से राज्यमंत्री गौतम टेटवाल एवं नारायण सिंह पंवार सहित जिले के तीन विधायकों ने जिले के समग्र, संतुलित एवं सतत विकास से जुडे विभिन्ना महत्वपूर्ण विषयों पर भेंट कर सार्थक, सकारात्मक एवं दूरदर्शी चर्चा की। इस मौके पर सिंचाई योजना से विस के 26 गांव जोड़ने पर उनका आभार माना और उनके विदेश से लोटने पर स्वागत किया. गौतम टेटवाल ने बताया कि जनहित एवं विकास को नई गति देने के लिए यह संवाद अत्यंत प्रेरणादायक रहा. जनसेवा, विकास और समर्पण की दिशा में एक सशक्त कदम. इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन मंत्री नारायण सिंह पंवार, राजगढ विधायक अमर सिंह यादव, नरसिंहगढ विधायक मोहन शर्मा एवं खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी उपस्थित रहे.

### बारिश और तेज हवा से फसलें प्रभावित

**झाडला 28 जनवरी, सं.** ग्राम झाडला और आस पास के किसान की रबी फसल बीती रात्रि को हुई बारिश और तेज अंधड से गेहूं, चाना, मसूर, रायड़ा आदि को नुकसान हुआ है.

# व्यापारियों के लिए सिरदर्द बन रहा प्रेशर हॉर्न

## प्रेशर हॉर्न से परेशान हुए व्यापारी, थाने में ज्ञापन दिया



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 28 जनवरी, सं.** बस स्टैंड व्यापारी एसोसिएयन द्वारा मंगलवार को व्यापारी असोसिएयन अध्यक्ष प्रकाश परमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंप कर बताया कि स्थानीय बस स्टैंड पर पिछले कुछ महिनो के दौरान असामजिक गतिविधियों में बेहत वृद्धि हुई है। जिसमें यात्रियो की फजीहत होने के साथ दुकानदारों बस स्टॉप की सुरक्षा को भी खतरा हो गया है. यहा मुख्य परेशानी इस तरह है,बस स्टैंड पर वाहन स्टॉप एंव एजेटों के विवाद होना आम बात है. बस स्टैंड पर हाथ ठेले वालो बसो मे समान बेचने वालो की दादागिरी है.

बस स्टैंड पर असामजिक गतिविधियां बडी है. जिनमे जेब कतरों महिलाओ को पेशाब घर में छेडखानी यात्री प्रतिक्षालय मे मनचलों की भारी संख्या हो रही है. महिला यात्रीयो की सुरक्षा मुश्किल हो गई है. बस स्टैंड पर पुलिसकर्मी नही होने से असामाजिक तत्वों के हौंसले बुलंद है.

**चल समारोह** **खिलचीपुर हिन्दू सम्मेलन में महापुरषों, संतों और समाजसुधारकों के वेष में निकल बच्चे, बड़े**

# मां फलौदी, सीता, अहिल्या और मीराबाई की झांकियां निकाली

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 28 जनवरी, सं.** बुधवार को हिंदू सम्मेलन के तहत भव्य चल समारोह निकाला गया. सुबह झालावाड़ नाके के पास स्थित लालदास मंदिर से शुरू हुए इस समारोह में एक हजार से अधिक लोग शामिल हुए. महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और युवतियों ने भगवा वस्त्र व पगड़ी पहनकर सहभागिता की. चल समारोह में डीजे के साथ बजरंग अखाड़ा सबसे आगे था.उनके पीछे हिंदू वीरांगना वाहिनी की युवतियों और बालिकाओं ने लाठियों के साथ तलवारबाजी और लाठी के प्रदर्शन किए, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे. घोड़ों पर सवार महिलाओं ने झांसी की रानी का रूप धारण किया था, जबकि एक बच्चे ने शिवाजी महाराज और एक युवती ने रानी दुर्गावती का किरदार निभाया, जो लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहे. चल समारोह में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान जी की भव्य झांकी एक ट्रॉली में निकाली गई. रथ पर भगवान राम, वाल्मीकि समाज के महर्षि वाल्मीकि, अहिरवार समाज के संत शिरोमणि रविदास और मेड़लवाल समाज की फलोदी माता की झांकियां भी शामिल थीं. नामदेव समाज ने संत शिरोमणि नामदेव और भगवान विठ्ठल की झांकी प्रस्तुत की, जिसमें पप्पू नामदेव ने संत नामदेव का किरदार निभाया. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम द्वारा चेतन देवियों की झांकी के साथ मीराबाई, माता अहिल्याबाई, भारत माता और कालिका माता की झांकियां भी शामिल थीं. यह चल समारोह बस स्टैंड, तोपखाना गेट, सुभाष चौक, सराफा बाजार, पिपली बाजार और पटवा बाजार से होते हुए स्टेडियम ग्राउंड पहुंचा.



सरस्वती विद्या मंदिर में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हेमंत सेठिया संघ कार्यवाह, विशेष अतिथि बाबूलाल पाटीदार, दिनेश चौधरी, देवीलाल टेलर, बनेसिंह तंवर, कैलाश अग्रवाल, सुभाष दांगी उपस्थित रहे. कार्यक्रम में बाबूलाल सेन,राजाराम मालवीय,महेश गुप्ता उपस्थित रहे. अतिथि परिचय आचार्य उमरावसिंह कुशवाह ने करवाया. कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत कुशाल दांगी,देवेंद्र शर्मा,अशोक पाटीदार एवं सदाराम रजक द्वारा किया गया. कार्यक्रम का संचालन शुभम सेन,मुकेश कुशवाह ने किया. कार्यक्रम में मदनलाल खंडेलवाल मेमोरियल ट्रस्ट को सुचारू रूप से संचालित करने वाले राजेंद्र खंडेलवाल के द्वारा गत सत्र में मैरिट में आने वाली 10 वीं कक्षा की खुशबू दांगी व 12 वीं कक्षा की बहिन दीपिका परमार को शिल्ड व पुरस्कार राशि प्रदान की. आभार प्रदर्शन कार्यवाहक प्रधानाचार्य सीमा सोनी दीदी ने किया.

